Under CSR Support by ipca Foundation missiongyan

# अध्याय - 8 | रामवृक्ष बेनीपुरी (बालगोबिन भगत)

## QUIZ-01

1. **'बालगोबिन भगत' पाठ के लेखक कौन हैं?**
   A. स्वयं प्रकाश B. रामवृक्ष बेनीपुरी
   C. यशपाल D. यतींद्र मिश्र (B)

*व्याख्या :* इस पाठ के लेखक रामवृक्ष बेनीपुरी हैं, जिन्होंने बालगोबिन भगत जैसे लोकगायक की जीवनशैली को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया है।

2. **बालगोबिन भगत किनको 'साहब' मानते थे?**
   A. कबीर दास को B. तुलसीदास को
   C. सूरदास को D. रैदास को (A)

*व्याख्या :* भगत जी कबीर के अनुयायी थे और उन्हें ही 'साहब' कहकर सम्मानित करते थे।

3. **बेटे की मृत्यु पर बालगोबिन भगत ने पतोहू को क्या करने के लिए कहा?**
   A. क्रियाकर्म हेतु आवश्यक सामग्री का प्रबंध करने के लिए
   B. रोने के लिए
   C. उत्सव मनाने के लिए
   D. साफ-सफाई करने के लिए (C)

*व्याख्या :* भगत जी ने पुत्र की मृत्यु पर भी धैर्य रखा और पतोहू से उत्सव मनाने को कहा।

4. **बालगोबिन भगत अपने बेटे से अधिक प्यार इसलिए करते थे, क्योंकि-**
   A. वह उनका इकलौता बेटा था
   B. वह सुस्त तथा कम बुद्धि वाला था
   C. वह होशियार एवं तीक्ष्ण बुद्धि वाला था
   D. उन्हें पुत्र-मोह अधिक था (B)

*व्याख्या :* भगत जी अपने पुत्र से इसलिए अधिक प्यार करते थे क्योंकि वह सुस्त और कम बुद्धि वाला था।

5. **बालगोबिन भगत के संगीत को क्या कहा गया है?**
   A. जादू B. रहस्य
   C. संगीत D. इनमें सभी (A)

*व्याख्या :* लेखक ने उनके संगीत को जादू कहा है, जो श्रोताओं पर गहरा प्रभाव डालता था।

6. **'मैं जाड़े से कँपकँपा रहा था' – इसमें 'मैं' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?**
   A. लेखक के लिए
   B. बालगोबिन भगत के लिए
   C. पतोहू के लिए
   D. इनमें कोई नहीं (A)

*व्याख्या :* यह वाक्य लेखक की स्थिति का वर्णन करता है, जो जाड़े के मौसम में भगत जी के संगीत को सुनने के लिए पोखर पर चला गया था।

7. **भगत अपने संगीत का प्रभाव बढ़ाने के लिए क्या करते थे?**
   A. स्वर को ऊँचा करते थे
   B. स्वर को नीचा करते थे
   C. स्वर को ऊँचा-नीचा करते थे
   D. इनमें कोई नहीं (C)

*व्याख्या :* वे संगीत में भाव उत्पन्न करने के लिए स्वर की गति को ऊपर-नीचे करते थे।

8. **बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ कब आरंभ होती थीं?**
   A. फागुन महीने में B. कार्तिक महीने में
   C. चैत्र महीने में D. इनमें कोई नहीं (B)

*व्याख्या :* भगत जी की प्रभातियाँ कार्तिक मास से शुरु होती थीं, जो गाँवों में भक्तिमय वातावरण पैदा करती थीं।

9. **रहस्यमयी वातावरण में बालगोबिन भगत क्या कर रहे थे?**
   A. कुश की चटाई पर बैठे थे B. काली कमली ओढ़े थे
   C. पूरब दिशा की ओर मुँह करके गा रहे थे
   D. इनमें सभी (D)

*व्याख्या :* यह पूरा दृश्य रहस्यपूर्ण था, जिसमें वे चटाई पर बैठकर, कमली ओढ़कर पूरब दिशा में गा रहे थे।

10. **बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ कार्तिक मास से आरंभ होकर कब तक चलती थीं?**
    A. फागुन मास तक B. चैत्र मास तक
    C. कार्तिक मास तक ही D. इनमें कोई नहीं (A)

*व्याख्या :* भगत जी की प्रभातियाँ कार्तिक से लेकर फागुन तक चलती थीं, जो लंबी अवधि तक लोगों को भावविभोर करती थीं।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहां चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App